दिनांकः 04.10.2023
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे जोधपुर में प्रदेश की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। लगभग पांच हजार करोड़ रुपये लागत की ये परियोजनाएं सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा क्षेत्र की हैं। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा मजबूत करने की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इनमें जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में साढे तीन सौ बिस्तरों के ट्रोमा सेंटर और सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स शामिल हैं। श्री मोदी जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। इसे लगभग 24 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में चार सौ 80 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जाएगा। इस टर्मिनल भवन से ढाई हजार यात्रियों को सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री आईआईटी जोधपुर परिसर का भी लोकार्पण करेंगे। इसके निर्माण पर एक हजार एक सौ 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। वे राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचा विकास के तहत प्रयोगशाला, कर्मचारी आवास तथा खेलकूद और योग विज्ञान केंद्र का भी उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय और छात्रावास भवन का भी शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग एक हजार चार सौ 75 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। इस दौरान श्री मोदी दो नई रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसमें जैसलमेर से दिल्ली तक की रूनिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन से कांबली घाट तक की धरोहर रेलगाड़ी शामिल हैं। इनके अलावा प्रधानमंत्री दो अन्य रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें एक सौ 45 किलोमीटर लंबी डेगाना–राई का बाग रेललाइन और 58 किलोमीटर लंबी डेगाना–कुचामन सिटी रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में यूथ हॉस्टल का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी को खेल के मैदान में आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें किसी न किसी खेल में रुचि लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूथ हॉस्टल देश की विविधता, संस्कृति और पर्यटन को जानने का अच्छा स्थान होता है, जहां खिलाड़ी और युवा सुरक्षित और कम खर्चे में ठहर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 लाख लाभार्थियों का आंकड़ा पार करने वाली पीएम स्वनिधि योजना की सराहना की है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना ने रेहड़ी–पटरी वालों का जीवन आसान बनाने के साथ ही उन्हें सम्मान के साथ जीने का अवसर भी दिया है।

एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताई है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि एशियाई खेलों में भारत पहले से कहीं अधिक चमका है। उन्होंने कहा, 71 पदकों के साथ, भारत अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका का जश्न मना रहा है, जो देश के एथलीटों के अद्वितीय समर्पण, धैर्य और खेल भावना का प्रमाण है। वहीं केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत ने इस बार एशियाई खेलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। श्री ठाकुर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विभिन्न खेल विधाओं के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव कर दिखाया है।

भरतपुर के चिकसाना क्षेत्र में जयपुर–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। ये हादसा सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से बस के टकराने से हुआ। हादसे में

बस में सवार 24 यात्री घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं से ग्वालियर जा रही बस खड़े ट्रेलर से टकरा गयी और ये हादसा हुआ।

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में बुधवार का साप्ताहिक अवकाश आज से लागू हो गया है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि नए पर्यटन सत्र के शुरू होने के बाद प्रमुख पर्यटन जॉन में आज पर्यटन कार्य बंद रहा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देशों तथा राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार राज्य के सभी अभयारणों में साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था की गई है।